**Samyak**

**An Institute For Civil Services**

# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

Date

09/05/2025



## भारत – चिली CEPA वार्ता के संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर

- नई दिल्ली में CEPA पर बातचीत शुरू करने हेतु संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए।
- CEPA – व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता
  इसे आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ECTA) भी कहा जाता है।



- इसमें वस्तुओं, सेवाओं, निवेश, संपदा अधिकार, श्रमिक आवाजाही शामिल है।
- प्रस्तावित CEPA में – महत्वपूर्ण खनिज, MSME, डिजिटल सेवाएं और सीमा पार निवेश जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।
- यह समझौता अधिमान्य व्यापार समझौते (PTA) की तुलना में अधिक व्यापक होता है।


## रोबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट पोप बनने वाले पहले अमेरिकी बने

- 8 May. 2025 को रोमन कैथोलिक चर्च के 267 वें पोप के रूप में चुने गए, उन्हें 'लियो XIV' नाम दिया गया।
- पोप का चुनाव – वेटिकन सिटी के सिस्टिन चैपल में बंद कमरे में बैठे कार्डिनल्स कॉलेज द्वारा किया जाता है।
  - निर्वाचित होने के लिए किसी भी उम्मीदवार को दो – तिहाई से अधिक वोट प्राप्त करने होते हैं।
- पोप चुनाव की घोषणा – सिस्टिन चैपल की चिमनी से निकलने वाले धुएं से होती है।



## केरल में निपाह वायरस का मामला

- मलप्पुरम जिले में वायरस की पुष्टि। राज्य में 2018 के बाद से सातवाँ प्रकोप है।
- निपाह – एक जूनोटिक वायरस, जो जानवरों से इंसानों में फैलता है।
- पहला मामला – 1999 में मलेशिया के सुंगई निपाह गाँव में सुअर पालकों में दर्ज किया गया था।



- लक्षण – बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, गले में खराश, चक्कर आना, उनींदापन, तीव्र इंसेफेलाइटिस
- अभी तक इसके लिए कोई प्रमाणित दवा या टीका उपलब्ध नहीं है।
- WHO के अनुसार – इसका प्राकृतिक वाहन टेरोपोडिडे प्रजाति के फल चमगादड़ होते हैं।

## 7वीं सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप

- शुभारम्भ – 9 May. 2025 को अरुणाचल प्रदेश के युपिया में।
- आयोजक – दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ




- भागीदार – 6 देशों की टीमें।
- 2024 में – बांग्लादेश विजेता रहा था।
- भारत – अब तक इसके 3 खिताब जीते हैं। (सबसे सफल टीम)

## 11वाँ सीट्रेड मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स मिडिल ईस्ट (SMLME) सम्मेलन 2025

- आयोजन – 6-8 May. 2025 को दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर।
- आयोजक – सीट्रेड मैरीटाइम




- उद्देश्य – मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया के बीच समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करना, लॉजिस्टिक्स में नवाचार और सुरक्षा को बढ़ावा देना और सतत विकास को प्रोत्साहित करना।

## 14वाँ खाड़ी सूचना सुरक्षा एक्सपो और सम्मेलन (GISEC) ग्लोबल 2025

- आयोजन – 6-8 May. 2025 को दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर।
- आयोजक – दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर द्वारा ⊕ UAE साइबर सुरक्षा परिषद।
- थीम – 'AI – सक्षम भविष्य की सुरक्षा'
- इसे दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र का सबसे बड़ा साइबर सुरक्षा आयोजन माना जाता है।



- भारत की ओर से – डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (DSCI) के नेतृत्व में एक 'इंडिया पवेलियन' स्थापित किया गया।

## महाराष्ट्र में 'आदिशक्ति अभियान' का शुभारंभ

- शुरुआत – 7 May. 2025 को चौंडी, महाराष्ट्र (रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मस्थली)
- फोकस क्षेत्र – मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और बाल विवाह।
- 5 स्तरीय समितियाँ (गाँव, तालुका, जिला, मंडल, राज्य) –
  - कार्य – स्थानीय समस्याओं की पहचान, परिवारों को परामर्श, बाल विवाह पर रोक और पीड़ित महिलाओं को सहायता देंगी।
- राज्य सरकार द्वारा आदिशक्ति पुरस्कार – उत्कृष्ट भागीदारी को मान्यता।



## कोझिकोड WHO के वैश्विक वृद्ध – अनुकूल शहर नेटवर्क (GNAFCC) का हिस्सा बना




- कोझिकोड (केरल) ने वृद्ध – अनुकूल नीतियों और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रयास किए।
- इसमें स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल समावेशन, सुलभ सार्वजनिक स्थल, सामुदायिक भागीदारी और उचित आवास शामिल है।
- नोट – कोझिकोड़ को यूनेस्को द्वारा साहित्य के शहर के रूप में मान्यता दी गई है।

## GNAFCC नेटवर्क

- शुरुआत – 2010 में WHO द्वारा।
- प्रमुख गतिविधियाँ – वरिष्ठ नागरिकों की शासन में भागीदारी बढ़ाना, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को सुदृढ़ करना।
- वैश्विक महत्व – सदस्य शहरों को अन्तरराष्ट्रीय अनुभवों से सीखने और साझा करने का मंच प्रदान करता है।

WHO Global Network
for Age-friendly Cities
and Communities

# राजस्थान परिदृश्य

## राज्य स्तरीय नागरिक सुरक्षा सलाहकार समिति का गठन



- **अध्यक्ष** – मुख्य सचिव सुधांश पंत
- **गठन** – केंद्रीय गृहमंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार।
- **उद्देश्य** – नागरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सुझाव और मार्गदर्शन करना।
- **शामिल अधिकारी** – गृह, आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा, उर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, पुलिस महानिदेशक और नागरिक सुरक्षा आयुक्त शामिल किए गए हैं।

## राज्यों को आपात स्थिति से निपटने हेतु विशेष अधिकार दिए गए




- **नागरिक सुरक्षा नियम, 1968** के तहत स्थानीय प्रशासन को बाहरी हमले या संभावित खतरे की स्थिति में सुरक्षात्मक और निवारक उपायों को सक्रिय करने का अधिकार दिया गया है।
- **राज्यों को प्राप्त प्रमुख अधिकार** –
  - संवेदनशील क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स व घरेलू लाइट्स को समय-समय पर बंद करने के निर्देश देने का अधिकार।
  - दुश्मन की नजर से बचाव हेतु धुंआ, शोर या चिंगारी जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण।
  - विस्फोट, ज्वलनशील और विषैले पदार्थों के भंडारण पर सीमा तय करना।
  - हवाई हमले की स्थिति में बंकर व आश्रय स्थलों का निर्माण।
  - नागरिकों के लिए मॉक ड्रिल में भाग लेना अनिवार्य किया जा सकता है।

## MAA YOJANA ऐप

- परिवार पंजीकरण की स्थिति और पालिसी की वैधता अवधि जन आधार कार्ड संख्या द्वारा जाँची जा सकती है।
- वॉलेट में उपलब्ध राशि की जानकारी, क्यूआर कोड स्कैन से अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी मिल सकेगी।
- यदि किसी अस्पताल ने इलाज करने से मना किया या शुल्क की मांग की जाए, तो शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।


## देश का पहला 250 बेड युक्त सरकारी कार्डियक सेंटर

- स्थान – SMS अस्पताल, जयपुर में 5 मंजिला अत्याधुनिक सेंटर।
- लागत – 37 करोड़



- प्रमुख विशेषताएं –
  - 250 बेड्स – जनरल और ICU दोनों के लिए।
  - 5 कैथ लैब, 4 ऑपरेशन थियेटर।
  - एंजियोप्लास्टी के लिए रोबोटिक आर्म्स लाना प्रस्तावित है।
  - दीवारों में एंटीमाइक्रोबियल पेंट और कोटिंग की जाएगी, जिससे संक्रमण फैलने की संभावना न्यूनतम होगी।
  - यह राजस्थान की पहली सरकारी NABH व JCI सर्टिफाइड बिल्डिंग है।

## राजस्थान की ओजस्विनी सारस्वत ने राष्ट्रीय गोल्फ खिताब जीता



- खिताब – IGU ईस्टर्न इंडिया लेडीज एंड जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप
- आयोजन – कोलकाता के टॉलीगंज गोल्फ क्लब।
- यह ओजस्विनी का 7वाँ राष्ट्रीय खिताब है।

## नॉर्दर्न स्लैम ओपन स्क्वैश चैम्पियनशिप

- आयोजन – जयपुर में।
- पुरुष एकल विजेता – महाराष्ट्र के अयान वजीरअली।
- महिला एकल विजेता – दिल्ली की सान्या वत्स।
- राजस्थान के खिलाड़ी –
  - अंडर-13 गर्ल्स विजेता – दिव्यांशी जैन
  - अंडर-9 गर्ल्स विजेता – गौरवी अजमेरा
  - अंडर-17 ब्यॉज विजेता – सुभाष चौधरी



## खेलो इंडिया यूथ गेम्स

- 8 May. 2025 को राजस्थान ने 5 पदक जीते –
- शूटिंग के 25 मी. रैपिड फायर पिस्टल इवेंट – अभिनव चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।
- जूडो (81 Kg.) – बबनूर ने स्वर्ण पदक जीता।
- जुडोका (63 Kg.) – सोनाक्षी ने रजत पदक जीता।
- ट्रैक साइक्लिंग टीम बॉयज वर्ग में – 3 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य पदक के साथ चैम्पियन बनीं।
- ट्रैक साइक्लिंग टीम गर्ल्स वर्ग में – 3 स्वर्ण के साथ उपविजेता रहीं।



Samyak
An Institute For Civil Services

# घर बैठे करें RAS की तैयारी
## राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान के साथ

# RAS FOUNDATION
Complete Course
**LIVE FROM STUDIO**




\+ PYQ SOLVED BOOKLET,
CURRENT AFFAIRS MAGAZINE
PRELIMS PRACTICE
PAPERS WITH OMR,
MAINS PRACTICE PAPERS

• CLASSES BY SUBJECT EXPERTS • TIME BOUND CLASSES • TEST SERIES

**FOR 10% DISCOUNT USE CODE SAMYAK10**

VALIDITY: **29** APRIL to **11** MAY.

DOWNLOAD THE APP NOW

Google Play | App Store

For more information
9875170111

SHOP NOW

THINK RAS JOIN SAMYAK

Samyak
An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram